# हिन्दी

## (दूर्वा) (पाठ 9) (केशवदत्त - एक खिलाड़ी की कुछ यादें)
## (कक्षा 8)

**प्रश्न 1:**

पाठ से

**(क)**

लेखक बैडमिंटन चैंपियन था। उसे हॉकी खेलने की प्रेरणा किससे और कैसे मिली?

**(क)**

लेखक बैडमिंटन चैंपिंयन थे लेकिन एक दिन ध्यानचंद को स्कूल के ग्राउंड में हॉकी खेलते देखकर वे उनसे प्रभावित हो गए और हॉकी खेलने लगे।

**(ख)**

इंग्लैंड से मैच जीतने के बाद सबकी आँखों में आँसू क्यों थे?

**(ख)**

भारत को इंग्लैंड से आजाद हएु कुछ ही दिन हुए थे अंग्रेजों को उनके ही घर में जाकर हराना जिसने हमें गुलाम बनाकर रखा था। यह अपने आप में ही बड़े गर्व की बात थी इसी कारण सबकी आँखों में आंसू थे।

**(ग)**

'खिलाड़ियों में जज़्बा जरूरी है।' लेखक ने किस जज़्बे की बात की है? यह जज़्बा क्यों जरूरी है?

**(ग)**

खिलाड़ियों में खेल की भावना के साथ-साथ उसे जीतने का जज़्बा बहुत जरूरी होता है तभी वह अपने पूरे दम-खम से तथा पूरे जुनून के साथ खेल सकता है।

**प्रश्न 2:**

याद करना

"60 साल की बात करने से पहले मैं कुछ साल और पीछे जाना चाहता हूँ। लाहौर को याद करना चाहता हूँ।"

ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि-

**(क)**

लेखक 60 साल की बात करने के लिए क्या करना चाहता है?

**(क)**

लेखक साठ साल की बात करने के लिए कुछ साल पीछे की ओर मुड़कर देखना चाहता है ।

**(ख)**

तुम्हें अगर अपने तीन साल के हिंदी सीखने की बात को कहने को कहा जाए तो उसके लिए क्या-क्या करोगे?

**(ख)**

हिन्दी सीखने के लिए पहले अक्षर ज्ञान लेंगे फिर उसका व्याकरण उसके बाद उसको बोलने और लिखने का तरीका जानेंगे उसके बाद उसके व्यावहारिक रूप को अपनाएंगे।

**(ग)**

क्या पिछली किसी बात को याद करने के लिए बार-बार रटना जरूरी होता है या सोच-समझ के साथ उस पर चर्चा, विचार और उसका आवश्यकतानुसार व्यवहार करना जरूरी होता है? तुम्हें जो भी उचित लगे उसे कारण सहित बताओ।

**(ग)**

पिछली किसी भी बात को याद करने के लिए उसके संदर्भ में जानना जरूरी है कि वह आखिर फिर क्यों की जा रही है। उसके बारे में पूरा पता होना चाहिए उसे रटा नहीं जाता उसे केवल समझा और उसी के आधार पर भविष्य में किसी भी निणर्य पर पहुँचा जा सकता है।

**प्रश्न 3:**

बिखरा हुआ

**(क)** पता करो कि कोई सामान, विचार और ध्यान क्यों बिखरता है?

**(ख)** उनके बिखरने से क्या-क्या होता है?

**(ग)** लेखक का दिमाग खेल से ज्यादा भारत-पाकिस्तान के अलगाव और ट्रैजडी होने के कारण कैसी मुश्किलों में उलझा होगा?

**उत्तर 3:**

**(क)** कोई सामान, विचार और ध्यान लापरवाही और कार्य को ठीक से न करने के कारण सामान बिखरता है। एकाग्रता के अभाव में विचार और ध्यान बिखर जाता है।

**(ख)** सामान बिखरने से कार्य करने में असुविधा होती है तथा समय की बर्वादी होती है। तथा विचार और ध्यान बिखरने से कार्य में सफलता नहीं मिलती है।

**(ग)** लेखक का दिमाग खेल से ज्यादा भारत-पाकिस्तान के अलगाव और ट्रैजडी होने के कारण इस मुश्किलों में उलझ गया कि कहीं फाइनल मैच भारत और पाकिस्तान के बीच न हो।

**प्रश्न 4:**

फिल्म और गीत

फिल्मों में दृश्यों के साथ गीत गाए जाते हैं। फिल्म के अतिरिक्त ऐसे बहुत से अवसर होते हैं जहाँ उसी के अनुकूल गीत भी गाए-बजाए जाते हैं। इस पाठ में भी 'पहली बार विश्व स्तर पर कहीं जन-गण-मन बजा' का उल्लेख हुआ है। तुम फिल्मों के कुछ मशहूर गीतों के बोलों की सूची बनाओ जो फिल्मों में दृश्यों के साथ तो गाए ही गए हों, जिन्हें विशेष अवसरों पर भी गाया बजाया जाता हो।

**उत्तर 4:**

छात्र बड़ों की सहायता से सूची का निर्माण करें।

**प्रश्न 5:**

खेल-कूद

नीचे कुछ खेलों के नाम दिए गए हैं। इन्हें खेलने के लिए किन-किन चीजों की जरूरत होती है, उसकी सूची बनाओ।

**(क)**

हॉकी ............. ............. ............. .............

**(क)**

हॉकी, बॉल, नौ खिलाड़ी, गोलकीपर के लिए हैलमेट, उसकी पूरी किट

**(ख)**
क्रिकेट ............. ............. ............. .............
**(ख)**
बैट, बॉल, विकिट, पैड, हैलमेट, जूते, ग्लब्स, ग्यारह खिलाड़ी

**(ग)**
लॉन टेनिस ............. ............. ............. .............
**(ग)**
लॉन टेनिस किट, कम से कम दो खिलाड़ी।

**(घ)**
तैराकी ............. ............. ............. .............
**(घ)**
तैराकी की ड्रैस, चश्मा, बालो को ढँकने के लिए रबर कैप

**(ङ)**
तीरंदाजी ............. ............. ............. .............
**(ङ)**
तीर कमान, चश्मा, टारगेट, जूते

**(च)**
कबड्डी ............. ............. ............. .............
**(च)**
खिलाड़ी और मैदान

**प्रश्न 6:**
पता लगाओ
**(क)**
क्रिकेट फुटबॉल और हॉकी के मैदान में क्या अंतर होता है?
**(क)**
क्रिकेट में बीच में पिच और आरों ओर घेरा बनाया जाता है, फुटबॉल और हॉकी में मैदान के दोनों ओर नैट के गोल बनाए जाते हैं जिसमें खिलाड़ियों को बॉल या फुटबॉल डालना होता है।

**(ख)**
क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी में कितने-कितने खिलाड़ी होते हैं।
**(ख)**
क्रिकेट और हॉकी में ग्यारह-ग्यारह और फुटबाल में नौ-नौ खिलाड़ी होते हैं।

**(ग)**
हॉकी से जुड़े शब्दों की सूची बनाओ।
**(ग)**
स्टिक, डी, गोलकीपर, पैनल्टी कार्नर

**प्रश्न 7:**

तुम्हारी बात

**(क)** तुम्हें कौन-सा खेल पसंद है? अपने किसी स्थानीय खेल के नियम, खिलाड़ियों की संख्या और सामान के बारे में बताओ।

**(ख)** अपने जीवन की किसी ऐसी घटना के बारे में बताओ-

- जब तुम्हारी आँखों में आँसू आए हों।
- जब तुम अपना दुख-दर्द भूल गए हो।

**उत्तर 7:**

**(क)** छात्र अपनी पसंद के किसी स्थानीय खेल के नियम, खिलाड़ियों की संख्या और सामान के बारे में लिखे।

**(ख)** अपने जीवन में घटित किसी ऐसी घटना के बारे में बताओ तथा ऊपर दिए गए तथ्यों के अनुसार अपने अनुभव लिखें।

**प्रश्न 8:**

खेल और सिनेमा

खेलों पर बनी कुछ फिल्मों के बारे में पता लगाओ। उनमें से कुछ फिल्मों के नामों और उनमें दर्शाए गए खेलों के नामों को साथ मिलाकर एक सूची बनाओ। कक्षा में उन फिल्मों के बारे में बातचीत भी करो।

**उत्तर 8:**

छात्र इन्टरनेट की सहायता से उपरोक्त प्रश्न को हल करें।

**प्रश्न 9:**

जगह-जगह के खेल

कुछ खेल कुछ खास जगहों में ही खेले जा सकते हैं और कुछ खेल प्रचलन के कारण कुछ खास लोगों द्वारा ही खास स्थानों पर खेले जाते हैं। बताओ कि -

**(क)**

कौन-से खेल अंदर खेले जाते हैं?

**(क)**

टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, स्कैश, कैरम, चेस आदि

**(ख)**

कौन-से खेल बाहर खेले जाते हैं?

**(ख)**

क्रिकेट, फुटबाल, हाकी, लान टेनिस

**(ग)**

कौन-से खेल अकेले खेले जाते हैं?

**(ग)**

तैराकी, वेट-लिफ्टिंग, कम्प्यूटर गेम आदि।